राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 1 दिसम्बर • 2021 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

पेपर आसान, परीक्षार्थियों के चेहरे खिले

सीबीएसई : 24 लाख छात्रों ने दी 10वीं की सोशल साइंस की परीक्षा

नई दिल्ली (एसएनबी)। देश विदेश में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की मंगलवार को 10वीं के 24 लाख छात्रों ने सोशल साइंस की परीक्षा दी। परीक्षा के लिए कुल 13 हजार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सोशल साइंस की पेपर आसान था जिससे छात्रों ने राहत महसूस दी।

पीतमपुरा एमएम पब्लिक स्कूल की दसवीं के सोशल साइंस सब्जेक्ट एक्सपर्ट गीतिका वासवानी ने बताया कि पेपर काफी आसान थी। पेपर कुल 40 अंकों का था। परीक्षा पूरी तरह से वैकल्पिक प्रश्नों वाली थी। इसमें प्रत्येक प्रश्न के सही जवाब के लिए एक अंक रखा गया था। पेपर गलत जवाब देने पर किसी तरह के अंक की कटौती नहीं है। परीक्षा कुल डेढ़ घंटे का था। लेकिन मंगलवार को परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरु होनी थी, लेकिन पेपर लेट से मिलने के कारण मंगलवार यह परीक्षा सुबह 11 की जगह 12 बजे तक ही शुरू हो पाया। परीक्षार्थी तारुषी, ऋषभ, प्रेरणा आदि ने बताया कि परीक्षा काफी आसान थी और समय से पहले ही पूरी हो गई थी। सब्जेक्ट एक्सपर्ट का कहना है कि परीक्षा औसत दर्जे के छात्र भी पास हो जाएंगे। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि क्योंकि पेपर स्कूल में प्रिंट होते हैं तो अगर प्रिंटिंग में कोई देरी है तो बच्चों को जितने समय का नुकसान हुआ हैं, उसकी भरपाई की जाती है।